**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन नैनीताल 04 जून, 2024**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से पर्यावरण के संरक्षण–संवर्धन का संकल्प लेने की अपील की है। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोगों से आह्वान किया है कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें साथ ही इसके संरक्षण के लिए एकजुट होकर प्रयास करें।

राज्यपाल ने कहा है कि हमारा पर्यावरण प्रकृति का अनमोल उपहार है और इसे हमें अपने और आने वाली पीढ़ी के लिए सहेजकर रखना होगा। हमारी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध जल, हवा, मिट्टी एवं पर्यावरण मिले, इसके लिए पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण पर सभी को ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा की उत्तराखण्ड को प्रकृति का अनमोल वरदान प्राप्त है साथ ही हमारा प्रदेश जैव विविधताओं वाला प्रदेश है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि हम पर्यावरण और वनों को संरक्षित करने एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संकल्प लें।

राज्यपाल ने कहा की अब समय आ गया है कि हम जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जैव विविधता हानि और ग्लोबल वार्मिंग के बारे में सजग रहें और अपने पर्यावरण को बचाएं, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि आसपास के स्थान को स्वच्छ बनाएं, नदी, तालाब और अन्य जल स्रोतों को दूषित होने से बचाएं। हम प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प लें। इन छोटे–छोटे कदमों से हम निश्चय ही पर्यावरण को स्वच्छ रख पाएंगे।

............0............